भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(युवा कार्यक्रम विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 4070**

उत्तर देने की तारीख 12 दिसम्बर, 2019

21 अग्रहायण, 1941 (शक)

# नेहरू युवा केन्द्रों के लिए निधि आबंटन

**4070. श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोरः**

**श्री परबतभाई सवाभाई पटेलः**

**श्री नारणभाई काछड़ियाः**

**डॉ. (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकीः**

**श्रीमती गीताबेन वी. राठवाः**

**श्री प्रदीप कुमार सिंहः**

**श्री शान्तनु ठाकुरः**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान नेहरु युवा केन्द्रों को राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी निधि आबंटित की गई है और उनके द्वारा उपयोग की गई राशि का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने नेहरू युवा केन्द्र संगठन (एनवाईकेएस) के अंतर्गत कोई योजना नामतः पुनर्जागरण आरंभ की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और तत्संबंधी मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ग) एनवाईकेएस द्वारा देश में युवाओं की छुपी प्रतिभा को पोषित करने के लिए कार्यान्वित की जा रही योजनाओं/कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने वर्ष 2014-15 में एक स्वतंत्र मूल्यांकन एजेंसी द्वारा चिन्हित एनवाईकेएस में बड़ी संख्या में रिक्त पदों की समस्या को हल किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवियों के वर्तमान आयु-वार वितरण का ब्यौरा क्या है और क्या अधिकांश स्वयंसेवियों की संख्या 40 वर्ष से अधिक है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या सरकार का एनवाईकेएस को पुनर्गठित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) क्या एनवाईकेएस अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल रहा है और यदि नहीं, तो सरकार द्वारा इस संबंध में किए जाने वाले प्रस्तावित उपचारात्मक कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री किरेन रीजीजू)**

(क) मंत्रालय नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) को सहायता अनुदान जारी करता है और इसके बाद एनवाईकेएस अपने राज्य कार्यालयों को निधियों का आवंटन करता है। पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान नेहरू युवा केंद्रों को आवंटित और उनके द्वारा प्रयुक्त निधियों का राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है।

(ख) जी नहीं। पुनर्जागरण नामक कोई स्कीम शुरू नहीं की गई है। तथापि, महात्मा गांधी की जयंती अर्थात 2 अक्तूबर, 2014 को पूरे भारत में भारत के चारों कोनों अर्थात लेह (जम्मू और कश्मीर), ओखा (गुजरात), कन्याकुमारी (तमिलनाडु) और रोइंग (अरुणाचल प्रदेश) से एक वर्ष तक चलने वाला पुनर्जागरण कार्यक्रम शुरू किया गया। पुनर्जागरण यात्रा का समापन पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 100वीं जयंती के अवसर पर अर्थात 25 सितम्बर, 2015 को मथुरा (उत्तर प्रदेश) में हुआ।

(ग) नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) अपने 623 जिला स्तरीय नेहरू युवा केंद्रों (एनवाईके) के माध्यम से पूरे देश में कार्यक्रम और कार्यकलाप आयोजित करता है। नेहरू युवा केंद्रों (एनवाईके) के तहत आयोजित/संचालित किए जा रहे कार्यक्रमों और कार्यकलापों का विवरण अनुबंध-II में दिया गया है।

(घ) 2273 संस्वीकृत पदों में से 824 पद 2014 से पहले से कई वर्षों से रिक्त पड़े थे और उन्हें समाप्त मान लिया गया था। वित्त मंत्रालय के अनुमोदन से विभिन्न श्रेणियों के इन सभी 824 पदों को बहाल किया गया है। एनवाईकेएस में इन पदों को भरने की प्रक्रिया चल रही है। अब तक, 453 पद एक खुली प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से भरे गए हैं, जिनमें जिला युवा समन्वयक (डीवाईसी) के 201 पद, लेखा लिपिक सह टाइपिस्ट (एसीटी) के 148 पद और मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) के 104 पद शामिल हैं। अनुमोदित 337 अन्य पदों (जिसमें डीवाईसी के 160, एसीटी के 58 और एमटीएस के 23 पद और अन्य श्रेणियों के 96 पद शामिल हैं) के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की जा चुकी है। पदोन्नति से भरे जाने वाले पदों को भरने के लिए विभागीय पदोन्नति भी चल रही है।

(ङ.) राष्ट्रीय युवा कोर (एनवाईसी) स्कीम के दिशानिर्देशों के अनुसार 18-29 आयु समूह के युवाओं को शुरू में एक वर्ष की अवधि के लिए राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक के रूप में नियुक्त किया जाता है और इस अवधि को उनके कार्यनिष्पादन के आधार पर केवल एक और वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों का आयु-वार ब्यौरा अनुबंध-III में दिया गया है।

(च) जी नहीं, वर्तमान में एनवाईकेएस के पुनर्गठन का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(छ) एनवाईकेएस अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल रहा है ।

****

**अनुबंध- I**

**नेहरू युवा केन्द्रों के लिए निधि आबंटन के संबंध में श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर, श्री परबतभाई सवाभाई पटेल, श्री नारणभाई काछड़िया, डॉ॰ (प्रो॰) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी, श्रीमती गीताबेन वी॰ राठवा, श्री प्रदीप कुमार सिंह और श्री शान्तनु ठाकुर द्वारा दिनांक 12.12.2019 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4070 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबध**

| | **नेहरू युवा केंद्र संगठन** | | |
|---|---|---|---|
| | **आवंटित निधियों और व्यय का ब्यौरा (2016-17) (लाख रु.)** | | |
| क्र.सं. | **राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र का नाम** | **आवंटन** | **व्यय** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 585 | 550 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 630 | 581 |
| 3 | असम | 1,216 | 1,131 |
| 4 | बिहार | 1,711 | 1,576 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 720 | 664 |
| 6 | गोवा | 90 | 94 |
| 7 | गुजरात | 1,126 | 1,046 |
| 8 | हरियाणा | 985 | 859 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 540 | 509 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 630 | 590 |
| 11 | झारखंड | 991 | 913 |
| 12 | कर्नाटक | 1,216 | 1,131 |
| 13 | केरल | 630 | 581 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 2,161 | 1,998 |
| 15 | महाराष्ट्र | 1,531 | 1,421 |
| 16 | मणिपुर | 450 | 426 |
| 17 | मेघालय | 315 | 290 |
| 18 | मिजोरम | 360 | 332 |
| 19 | नागालैंड | 495 | 456 |
| 20 | ओडिशा | 1,351 | 1,264 |
| 21 | पंजाब | 900 | 840 |
| 22 | राजस्थान | 1,441 | 1,335 |
| 23 | सिक्किम | 180 | 166 |
| 24 | तमिलनाडु | 1,396 | 1,286 |
| 25 | तेलंगाना | 450 | 415 |
| 26 | त्रिपुरा | 180 | 166 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 3,197 | 2,984 |
| 28 | उत्तराखंड | 585 | 549 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 1,036 | 954 |
| | **संघ राज्य क्षेत्र** | 0 | 0 |
| 30 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 270 | 249 |
| 31 | चंडीगढ़ | 45 | 41 |
| 32 | दादर और नगर हवेली | 45 | 41 |
| 33 | दमन और दीव | 90 | 83 |
| 34 | दिल्ली | 405 | 381 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 35 | लक्षद्वीप | 45 | 41 |
| 36 | पुडुचेरी | 180 | 166 |
| | **कुल** | **28180** | **26110** |
| | **नेहरू युवा केंद्र संगठन** | | |
| | **आवंटित निधियों और व्यय का ब्यौरा (2017-18) (लाख रु.)** | | |
| क्र.सं. | **राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र का नाम** | **आवंटन** | **व्यय** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 720 | 711 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 641 | 641 |
| 3 | असम | 1331 | 1324 |
| 4 | बिहार | 1851 | 1842 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 759 | 751 |
| 6 | गोवा | 92 | 90 |
| 7 | गुजरात | 1215 | 1208 |
| 8 | हरियाणा | 927 | 918 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 588 | 582 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 767 | 768 |
| 11 | झारखंड | 1074 | 1065 |
| 12 | कर्नाटक | 1204 | 1193 |
| 13 | केरल | 686 | 676 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 2248 | 2225 |
| 15 | महाराष्ट्र | 1702 | 1691 |
| 16 | मणिपुर | 462 | 454 |
| 17 | मेघालय | 326 | 319 |
| 18 | मिजोरम | 347 | 347 |
| 19 | नागालैंड | 509 | 507 |
| 20 | ओडिशा | 1454 | 1446 |
| 21 | पंजाब | 973 | 965 |
| 22 | राजस्थान | 1553 | 1543 |
| 23 | सिक्किम | 214 | 193 |
| 24 | तमिलनाडु | 1503 | 1496 |
| 25 | तेलंगाना | 449 | 444 |
| 26 | त्रिपुरा | 213 | 202 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 4157 | 4104 |
| 28 | उत्तराखंड | 597 | 591 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 1299 | 1303 |
| | **संघ राज्य क्षेत्र** | 0 | 0 |
| 30 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 261 | 260 |
| 31 | चंडीगढ़ | 40 | 40 |
| 32 | दादर और नगर हवेली | 43 | 40 |
| 33 | दमन और दीव | 82 | 78 |
| 34 | दिल्ली | 416 | 423 |
| 35 | लक्षद्वीप | 46 | 45 |
| 36 | पुडुचेरी | 172 | 171 |
| | **कुल** | **30919** | **30654** |

| | नेहरू युवा केंद्र संगठन | | |
|---|---|---|---|
| | **आवंटित निधियों और व्यय का ब्यौरा (2018-19) (लाख रु.)** | | |
| क्र.सं. | **राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र का नाम** | **आवंटन** | **व्यय** |
| **1** | आंध्र प्रदेश | 782 | 729 |
| **2** | अरुणाचल प्रदेश | 734 | 680 |
| **3** | असम | 1,524 | 1,425 |
| **4** | बिहार | 2,217 | 2,077 |
| **5** | छत्तीसगढ़ | 861 | 802 |
| **6** | गोवा | 99 | 93 |
| **7** | गुजरात | 1,335 | 1,234 |
| **8** | हरियाणा | 1,023 | 917 |
| **9** | हिमाचल प्रदेश | 630 | 579 |
| **10** | जम्मू और कश्मीर | 934 | 801 |
| **11** | झारखंड | 1,206 | 1,140 |
| **12** | कर्नाटक | 1,365 | 1,285 |
| **13** | केरल | 726 | 679 |
| **14** | मध्य प्रदेश | 2,512 | 2,365 |
| **15** | महाराष्ट्र | 1,817 | 1,714 |
| **16** | मणिपुर | 514 | 479 |
| **17** | मेघालय | 388 | 357 |
| **18** | मिजोरम | 410 | 382 |
| **19** | नागालैंड | 592 | 555 |
| **20** | ओडिशा | 1,665 | 1,573 |
| **21** | पंजाब | 1,068 | 1,004 |
| **22** | राजस्थान | 1,637 | 1,532 |
| **23** | सिक्किम | 220 | 199 |
| **24** | तमिलनाडु | 1,628 | 1,523 |
| **25** | तेलंगाना | 530 | 495 |
| **26** | त्रिपुरा | 250 | 203 |
| **27** | उत्तर प्रदेश | 3,794 | 3,584 |
| **28** | उत्तराखंड | 672 | 624 |
| **29** | पश्चिम बंगाल | 1,414 | 1,343 |
| | **संघ राज्य क्षेत्र** | 0 | 0 |
| **30** | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 296 | 278 |
| **31** | चंडीगढ़ | 58 | 55 |
| **32** | दादर और नगर हवेली | 50 | 47 |
| **33** | दमन और दीव | 105 | 100 |
| **34** | दिल्ली | 452 | 426 |
| **35** | लक्षद्वीप | 54 | 51 |
| **36** | पुडुचेरी | 208 | 195 |
| | **कुल** | **33,769** | **31,524** |

| | **नेहरू युवा केंद्र संगठन** | | |
|---|---|---|---|
| | **आवंटित निधियों और व्यय का ब्यौरा (2019-20) (लाख रु.)** | | |
| क्र.सं. | **राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र का नाम** | **आवंटन** | **व्यय नवम्बर, 2019 तक** |
| **1** | आंध्र प्रदेश | 716 | 413 |
| **2** | अरुणाचल प्रदेश | 771 | 445 |
| **3** | असम | 1,486 | 858 |
| **4** | बिहार | 2,092 | 1,207 |
| **5** | छत्तीसगढ़ | 881 | 508 |
| **6** | गोवा | 110 | 64 |
| **7** | गुजरात | 1,376 | 794 |
| **8** | हरियाणा | 1,046 | 604 |
| **9** | हिमाचल प्रदेश | 661 | 381 |
| **10** | जम्मू और कश्मीर | 771 | 445 |
| **11** | झारखंड | 1,211 | 699 |
| **12** | कर्नाटक | 1,486 | 858 |
| **13** | केरल | 771 | 445 |
| **14** | मध्य प्रदेश | 2,642 | 1,525 |
| **15** | महाराष्ट्र | 1,871 | 1,080 |
| **16** | मणिपुर | 550 | 318 |
| **17** | मेघालय | 385 | 222 |
| **18** | मिजोरम | 440 | 254 |
| **19** | नागालैंड | 605 | 349 |
| **20** | ओडिशा | 1,651 | 953 |
| **21** | पंजाब | 1,101 | 635 |
| **22** | राजस्थान | 1,761 | 1,017 |
| **23** | सिक्किम | 220 | 127 |
| **24** | तमिलनाडु | 1,706 | 985 |
| **25** | तेलंगाना | 550 | 318 |
| **26** | त्रिपुरा | 220 | 127 |
| **27** | उत्तर प्रदेश | 3,908 | 2,256 |
| **28** | उत्तराखंड | 716 | 413 |
| **29** | पश्चिम बंगाल | 1,266 | 731 |
| | **संघ राज्य क्षेत्र** | 0 | 0 |
| **30** | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 330 | 191 |
| **31** | चंडीगढ़ | 55 | 32 |
| **32** | दादर और नगर हवेली | 55 | 32 |
| **33** | दमन और दीव | 110 | 64 |
| **34** | दिल्ली | 495 | 286 |
| **35** | लक्षद्वीप | 55 | 32 |
| **36** | पुडुचेरी | 220 | 127 |
| | **कुल** | **34,292** | **19,792** |

**अनुबंध- ।।**

**नेहरू युवा केन्द्रों के लिए निधि आबंटन के संबंध में श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर, श्री परबतभाई सवाभाई पटेल, श्री नारणभाई काछड़िया, डॉ. (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी, श्रीमती गीताबेन वी. राठवा, श्री प्रदीप कुमार सिंह और श्री शान्तनु ठाकुर द्वारा दिनांक 12.12.2019 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4070 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबध**

**<u>नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) के तहत आयोजित/ संचालित किए जा रहे कार्यक्रम और कार्यकलाप</u>**

## क. मुख्य कार्यक्रम

युवा कार्यक्रम विभाग, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा वार्षिक बजट के माध्यम से वित्त पोषित। यह कार्यकलाप देश में सभी नेहरू युवा केंद्रों के लिए हैं।

एनवाईकेएस हर साल युवा क्लब विकास, जागरूकता और शिक्षा, क्षमता में वृद्धि, खेल भावना को बढ़ावा देने, लोक कला और संस्कृति के संवर्धन, कौशल उन्नयन और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन करता है:

1. ब्लॉक स्तर पर युवा क्लब विकास सम्मेलन
2. युवा नेतृत्व और समुदाय विकास संबंधी प्रशिक्षण
3. थीम आधारित जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम
4. खेलों का संवर्धन:
   - क. युवा क्लबों के लिए खेल सामग्री
   - ख. ब्लॉक स्तरीय खेल स्पर्धा
   - ग. जिला स्तरीय खेल स्पर्धा
5. बुनियादी व्यवसायों संबंधी शिक्षा
6. लोक, कला और संस्कृति का संवर्धन
7. राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के दिन मनाना
8. जिला युवा सम्मेलन
9. महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती का समारोह
   - क) स्वच्छता जागरूकता एवं श्रमदान (स्वच्छता एक्शन प्लान)
   - ख) स्वछता पखवाड़ा (पखवाड़ा)
   - ग) कार्य शिविर
10. जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट युवा क्लब के लिए पुरस्कार
11. थीम आधारित जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम
12. जून 2019 को पांचवा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाना
13. भाषण प्रतियोगिता

**ख. युवा कार्यक्रम विभाग की स्कीमें**

एनवाईकेएस द्वारा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार की निम्नलिखित स्कीमों का कार्यान्वयन राष्ट्रीय एकता के संवर्धन, व्यक्तित्व और जीवन कौशल विकास, स्वयंसेविता, नेतृत्व विकास और स्थानीय समसामयिक मुद्दों पर विचार-विमर्श की क्षमता को बढ़ाने और इनका समाधान करने के लिए संभावित उपाय खोजने के लिए किया जाता है:

- **राष्ट्रीय युवा नेता कार्यक्रम (एनवाईएलपी)**
  - क) ब्लॉक स्तरीय नेबरहुड युवा संसद

- **राष्ट्रीय युवा और किशोर विकास कार्यक्रम (एनपीवाईएडी)**
  1. राष्ट्रीय एकीकरण शिविर
  2. जीवन कौशल शिक्षा शिविर
  3. साहस शिविर
  4. अंतर-राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (एक भारत श्रेष्ठ भारत)

**ग. विशेष कार्यक्रम**

युवाओं के विकास और सशक्तिकरण के लिए और अधिक कार्यक्रम और कार्यकलाप मुहैया कराने के लिए एनवाईकेएस विभिन्न मंत्रालयों और एजेंसियों के साथ मिलकर परियोजनाएं चला रहा है। यह एक तरह से अन्य मंत्रालयों और विभागों को एनवाईकेएस की व्यापक पहुंच का लाभ उठाने में सहायता कर रहा है और युवाओं को विकास कार्यकलापों में भाग लेने और कार्य करने का अवसर प्रदान करता है। एनवाईकेएस द्वारा निम्नलिखित परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं:

1. गृह मंत्रालय द्वारा समर्थित जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम
2. गृह मंत्रालय द्वारा समर्थित कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम
3. गृह मंत्रालय द्वारा समर्थित पूर्वोत्तर युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम
4. जल शक्ति मंत्रालय द्वारा समर्थित नमामि गंगे
5. पेयजल विभाग जल शक्ति मंत्रालय द्वारा स्वच्छ भारत ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम
6. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा समर्थित पोषण माह
7. पर्यटन मंत्रालय द्वारा समर्थित पर्यटन पर्व

**घ. जिला स्तर के विकास विभागों / एजेंसियों के सहयोग और समन्वय से किए जाने वाले कार्यक्रम**

पौधरोपण, रक्तदान, गर्भवती माताओं और बच्चों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करना और सहायता करना, मोतियाबिंद के ऑपरेशन, किशोरियों को आयरन की गोलियां मुहैया कराना, स्वास्थ्य जांच शिविर, स्वच्छता एवं श्रमदान, प्लास्टिक की थैलियां इकट्ठा करना, शौचालय निर्माण के लिए प्रेरित करना, खरपतवार हटाना, जल संरक्षण, गलियों, सार्वजनिक स्थानों पर लगी प्रतिमाओं, सार्वजनिक स्थानों, शिक्षा संस्थानों, अस्पतालों आदि के लिए स्वच्छता अभियान, अस्पतालों में प्रसूति के लिए प्रेरित करना और सहायता करना, युवा क्लब के सदस्यों को रोजगारपरक कौशल विकास प्रशिक्षणों से जोड़ना, ग्रामीणों को राष्ट्रीय सामाजिक और वित्तीय समावेशी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए सहायता करना, लड़कियों और उनके अभिभावकों को लड़की का विवाह 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद करने के लिए प्रेरित करना, स्कूलों में बच्चों का नामांकन करना, मतदाता पहचान पत्र प्राप्त करने में सहायता करना आदि।

**अनुबंध-III**

**नेहरू युवा केन्द्रों के लिए निधि आबंटन के संबंध में श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर, श्री परबतभाई सवाभाई पटेल, श्री नारणभाई काछड़िया, डॉ॰ (प्रो॰) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी, श्रीमती गीताबेन वी॰ राठवा, श्री प्रदीप कुमार सिंह और श्री शान्तनु ठाकुर द्वारा दिनांक 12.12.2019 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4070 के भाग (ड.) के उत्तर में संदर्भित अनुबध**

**वर्तमान में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों के आयु-वार वितरण का ब्यौरा**

| **क्र.सं.** | **आयु समूह (वर्ष में)** | **स्वयंसेवकों की संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | 18 - 19 | 231 |
| 2 | 19 - 20 | 1009 |
| 3 | 20 - 21 | 1449 |
| 4 | 21 - 22 | 1517 |
| 5 | 22 - 23 | 1618 |
| 6 | 23 - 24 | 1601 |
| 7 | 24 - 25 | 1455 |
| 8 | 25 - 26 | 1215 |
| 9 | 26 - 27 | 1240 |
| 10 | 27 - 28 | 970 |
| 11 | 28 - 29 | 901 |
| **कुल** | | **13,206** |

****